## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03 अप्रैल 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- लोकसभा ने पास किया वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पचीस, विधेयक के पक्ष में पड़े दो सौ अठासी वोट, केंद्र सरकार ने कहा–विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना देना नहीं।
- वक्फ संशोधन विधेयक का विपक्षी दलों ने किया विरोध, दो सौ बत्तीस सदस्यों ने विधेयक के खिलाफ किया मतदान, विरोध प्रदर्शन की आशंका के मद्देनजर प्रदेश भर में जारी है हाई अलर्ट।
- पांच दिवसीय भारत यात्रा पर आए चिली गणराज्य के राष्ट्रपति ग्रेबियल बोरिक फॉन्ट ने प्रतिनिधिमंडल के साथ आगरा पहुंच कर देखा ताजमहल।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज से दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे वाराणसी, प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों समेत कानून व्यवस्था की करेंगे समीक्षा।

**********

वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पचीस कल लोकसभा में पारित हो गया। विधेयक के पक्ष में दो सौ अठासी वोट पड़े, जबकि विपक्ष में दो सौ बत्तीस सदस्यों ने मतदान किया।

इससे पहले अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इसका मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना–देना नहीं है और यह केवल वक्फ बोर्डों से संबंधित संपत्तियों से संबंधित है। सरकार वक्फ बोर्डों को समावेशी और धर्मनिरपेक्ष बनाना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कानून किसी मस्जिद के प्रबंधन के लिए नहीं है। उन्होंने विधेयक को भविष्योन्मुखी बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य किसी की संपत्ति जब्त करना नहीं है।

**ये कानून प्रोस्पेक्टिव है, रिप्रोस्पेक्टिव नहीं है। ये किसी का जमीन छीनने का कानून नहीं है। ये किसी का राइट, किसी का हनन करके उसकी प्रोपर्टी को हड़पने का नही है। राज्य सरकारों को अधिकार दिया गया है कि जो ऑलरेडी रजिस्टर्ड है उसका कोई डिसप्युट नहीं है, लेकिन जो डिसप्युटेड है, कोर्ट में पेंडिंग है उसको हम कानून बनाकर कैसे हटा सकते हैं।**

श्री रिजिजू ने कहा कि मौजूदा विधेयक के अनुसार वक्फ बोर्डों में विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों और महिलाओं का प्रतिनिधित्व होगा। उन्होंने विपक्ष पर विधेयक को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने बहस में हस्तक्षेप करते हुए स्पष्ट किया कि कोई भी गैर–मुस्लिम वक्फ में नहीं आएगा।

**वक्फ में कोई भी गैर इस्लामिक सदस्य आएगा ही नहीं, यह स्पष्टता समझ लीजिए, न मुतवल्ली गैर इस्लामिक होगा ना वाकिफ गैर इस्लामिक होगा, जो धार्मिक संस्थाओं का संचालन करते हैं उसमें कोई गैर मुस्लिम व्यक्ति रखने का प्रावधान किया भी नहीं है और हम करना भी नहीं चाहते हैं।**

विपक्षी दलों ने सदन में इस विधेयक का विरोध किया। कांग्रेस के गौरव गोगोई ने सरकार पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह विधेयक संविधान के खिलाफ है।

**जिस दिन ये बिल इंटरड्यूस हुआ, उस दिन भी आदरणीय मंत्री को मैंने सुना जिस दिन उन्होंने इंटरड्यूस किया, तो उन्होंने कहा बिल लाने से पहले बहुत विस्तार रूप से इस बिल के लाने के लिए चर्चा हुई। सर पूरा का पूरा मिसलीड है।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार कई मुद्दों पर अपनी विफलता छिपाने के लिए यह विधेयक लाई है।

वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

**वक्फ धार्मिक और सामाजिक कल्याण की जरूरतों को पूरा करने में, खासकर वंचितों के लिए, महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधान हैं। इस विधेयक का लक्ष्य संपत्ति प्रबंधन को और पारदर्शी करना, वक्फ बोर्ड और स्थानीय अधिकारियों के बीच तालमेल को बढावा देना और हितधारकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस विधेयक के माध्यम से मुस्लिम महिलाओं, विशेष रूप से विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार करने का भी प्रयास किया गया है। इसके अलावा विरासत स्थलों और व्यक्तिगत संपत्ति अधिकारों की सुरक्षा करते हुए वक्फ संपत्ति प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

इस बीच, वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर संभावित विरोध प्रदर्शनों की आशंका के मद्देनजर प्रदेश भर में हाई अलर्ट जारी है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अगले आदेश तक सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर नजर रखने के लिए साइबर सेल भी सक्रिय है।

**********

पांच दिवसीय भारत यात्रा पर आये चिली गणराज्य के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉट कल अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ ताजमहल देखने आगरा पहुंचे। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने आगरा एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति गेब्रियल का काफिला एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच शिल्पग्राम पहुंचा, जहां राजस्थानी कलाकारों ने ढोल–नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति ने ताजमहल में डायना बेंच पर बैठकर फोटो सेशन कराया और गाइड से ताज के इतिहास और उसकी पच्चीकारी के बारे में जानकारी ली। इस दौरान ताजमहल को आम पर्यटकों के लिए चार घंटे बंद रखा गया।

**********

आगामी दस से तेरह अप्रैल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आज से दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर रहेंगे और प्रधानमंत्री की यात्रा से जुड़े मेंहदीगंज जनसभा स्थल का निरीक्षण करेंगे। वह सर्किट हाऊस में जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा भी करेंगे। प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कल मेहंदीगंज पहुँचकर रिंग रोड किनारे स्थित प्रस्तावित सभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चिन्हित स्थल, स्टेज, हेलीपैड, वाहन पार्किंग, प्रवेश द्वार, जर्मन हैंगर, सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के बारे में आवश्यक निर्देश दिये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गाजियाबाद में हुई भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की समन्वय बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा के कामकाज और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई।

**********

आगरा में जल्द ही देश के पहले अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र की स्थापना की जायेगी। इसके लिए जमीन उपलब्ध करा दी गयी है। प्रदेश के उद्यान और कृषि विपणन राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि आगरा के सींगना क्षेत्र में बनने वाला अंतराष्ट्रीय आलू केंद्र भारत का पहला और दुनिया का चौथा अंतराष्ट्रीय आलू केंद्र होगा।

**जिस दिन हम अच्छा बीज दे पाएँगे और उसके बाद हम आलू को दुनिया के बाजारों तक पहुँचाने में कामयाब हो गए तो मूल्य संवर्धन होगा राज्य के किसानों की उपज का तो इस प्रकार हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण हमको मुकाम मिलेगा। अगर हम इसकी उत्पादकता और उत्पादन दोनों बढ़ाने में कामयाब हो गए तो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी की आशा के अनुरूप राज्य के किसानों की आय बढ़ाने में हम कामयाब होंगे।**

**********

चैत्र नवरात्र में आज मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में मां कात्यायनी से जनकल्याण की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा है कि मां कात्यायनी भय, रोग और शोक संताप को हरने वाली हैं। इस बीच, नेपाल के प्रसिद्ध पीर रतननाथ योगी की धार्मिक यात्रा कल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नेपाल के जनकपुर मंदिर से देवीपाटन शक्तिपीठ पहुंची। एक रिपोर्ट–

**जनपद बलरामपुर के देवी पाटन शक्तिपीठ पर नवरात्रि के पंचमी तिथि को नेपाल से आने वाली बाबा रतन नाथ की शोभा यात्रा नेपाल के सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ देवी पाटन शक्तिपीठ पहुंची, जहां मंदिर के महंत ने यात्रा में शामिल भक्तों का स्वागत किया। शोभा यात्रा में नेपाल की महिलाओं द्वारा कलश लेकर यात्रा के साथ चलना सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। यात्रा में नेपाल की धार्मिक एवं लोक कला की झांकी में भारत नेपाल के संबंधोंको दर्शाया गया। राम कुमार मिश्र आकाशवाणी समाचार बलरामपुर।**

**********

प्रदेश के किसान मूल्य समर्थन योजना के तहत तीस जून तक दलहन और तिलहन की फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर घर बैठे सरकार को बेच सकते हैं। इसके लिये किसान अपने मोबाइल या सुविधा केन्द्र से ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। इसके साथ ही सरकार ने किसानों की सहूलियत के लिये फार्मर रजिस्ट्री कराने की अंतिम तिथि तीस अप्रैल तक बढ़ा दी है।

**********